रायसीना वार्ता : क्या, क्यों, कैसे

चर्चा में क्यों?

हाल ही में इज़रायल के प्रधानमंत्री बैंजामिन नेतन्याहू की भारत यात्रा के दौरान नई दिल्ली में रायसीना संवाद (Raisina Dialogue) का आयोजन किया गया।

थीम

- Managing Disruptive Transitions: Ideas, Institutions & Idioms

उद्देश्य

- एशियाई एकीकरण के साथ-साथ शेष विश्व के साथ एशिया के बेहतर समन्वय संबंधी संभावनाओं एवं अवसरों की तलाश करना है।

इसका नाम रायसीना वार्ता क्यों है?

- भारत के विदेश मंत्रालय का मुख्यालय रायसीना पहाड़ी (साउथ ब्लॉक), नई दिल्ली में स्थित है, इसी के नाम पर इसे रायसीना वार्ता का नाम दिया गया है।

रायसीना वार्ता क्या है?

- यह भू-राजनीतिक एवं भू-आर्थिक मुद्दों पर चर्चा करने वाला एक वार्षिक सम्मेलन है जिसका आयोजन भारत के विदेश मंत्रालय और ओआरएफ (Observer Research Foundation -ORF) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है।
- ओआरएफ नई दिल्ली स्थित एक स्वतंत्र थिंक टैंक के रूप में कार्य करता है।
- यह भारतीय महासागरीय क्षेत्र में भारत की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर आधारित सम्मेलन है।
- यह एक बहु-हितधारक, क्रॉस-सेक्टरल बैठक है जिसमें नीति-निर्माताओं एवं निर्णयकर्त्ताओं को शामिल किया गया है।
- इसके अंतर्गत न केवल विभिन्न देशों के विदेश, रक्षा और वित्त मंत्रियों को शामिल किया गया है, बल्कि उच्चस्तरीय सरकारी अधिकारियों, नीति-निर्माताओं, व्यापार और उद्योग जगत के अग्रणी व्यक्तियों और सामरिक समुदायों, मीडिया और अकादमिक सदस्यों को भी शामिल किया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/raisina-dialogue-2018